# CGBSE PAAAK

## आदर्श प्रश्नपत्र 2025–26
## डी.एल.एड. – प्रथम वर्ष
## विषय – हिंदी भाषा शिक्षण–स्तर एक (754)

**समय – 3 घण्टे** **पूर्णांक – 80**

---

**नोट : प्रत्येक खंड में दिए गए निर्देशों का पालन करें।**

---

**प्रश्न 01. खण्ड (अ) में 05 बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) है। प्रत्येक में 01 अंक निर्धारित है।**
सही विकल्प चुनकर लिखें।

I. शान्ती मन भान्ती
कहना क्यों नहीं मानती
पंडित जी बुलाने आए
बस्ता क्यों नहीं बाँधती।
यह गीत उदाहरण है – [1]

(अ) गीत (ब) गाना
(स) खेलगीत (द) पारंपरिक खेल गीत

II. "बच्चा जिस भाषा को लेकर स्कूल आता है, वह पूर्ण रूप से व्याकरणयुक्त है।" यह कथन है– [1]

(अ) आंशिक सत्य (ब) आंशिक असत्य
(स) पूर्णतः असत्य (द) पूर्णतः सत्य

III. किस आयु वर्ग के बच्चे चौका देने वाली गति से भाषा अर्जन करते हैं– [1]

(अ) 0–6 आयु वर्ग (ब) 2–6 आयु वर्ग
(स) 4–6 आयु वर्ग (द) 1–6 आयु वर्ग

IV. गैर साक्षर परिवार से आने वाले बच्चों को किस तरह की परेशनी का सामना करना पड़ता है– [1]

(अ) स्कूल से पहले इन बच्चों को पढ़ने–लिखने के उद्देश्य की जानकारी होती है।
(ब) लिखित भाषा में इस्तेमाल होने वाली शब्दावली और वाक्य संरचना से परिचित होते है।
(स) उन्हे लिखित सामग्री से उनका परिचय बिल्कुल भी नहीं होता है।
(द) पठन सामग्री से उनका परिचय बिल्कुल भी नहीं होता है।

V. 1 एवं 2 की कक्षाओं में तस्वीरों पर चर्चा करने की आवश्यकता क्यों होती है? [1]

(अ) सर्जनात्मक को प्रोत्साहित करने हेतु
(ब) विश्लेषणात्मक को प्रोत्साहित करने हेतु
(स) कक्षा में अनुशासन बनाये बनाये रखने हेतु
(द) सृजनशीलता एवं विश्लेषण क्षमता को प्रोत्साहित करने हेतु

**खण्ड (ब) में 05 एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए। प्रत्येक में 01 अंक निर्धारित है।**

I. मौखिक और लिखित भाषा में कोई 1 अंतर लिखिए। [1]

II. लोगोग्राफिक पठन का एक उदाहरण लिखिए। [1]

III. अमेरिका में अधिकतर बच्चे किस आयु में अपना पहला नाम लिख सकते हैं। [1]

IV. **'आसमान में हाथी'** कहानी किस स्तर के बच्चों के लिए ज्यादा उपयोगी हो सकती है? [1]

V. समवेत पठन की कोई एक विशेषता लिखिए। [1]

**प्रश्न क्र. 02 से 06 तक लघुउत्तरीय प्रश्न (SA-I) होंगे, प्रत्येक प्रश्न पर 02 अंक निर्धारित होंगे। शब्दसीमा 30–50 शब्द है।**

प्रश्न 02. इंसान जिस प्रकार की सामाजिक भूमिका निभाता है उस अनुरूप उसकी भाषा बदलती रहती है। कैसे? [2]

प्रश्न 03. कहानी सुनाने के उपरांत उसमें उससे मिलने वाले नैतिक मूल्यों को पूछना चाहिए अथवा नहीं। तर्क सहित अपना मत लिखिए। [2]

प्रश्न 04. बच्चा जब पहली बार विद्यालय जाता है, तब वह घर से क्या–क्या सीख कर आता है, सूची बनाइए। [2]

प्रश्न 05. प्रभावी लेखन के लिए कोई दो सुझाव दीजिए। [1+1=2]

प्रश्न 06. भाषा सिखाने के लिए आप कोई दो सुझाव दीजिए। [1+1=2]

**प्रश्न क्र. 07 से 10 तक लघुउत्तरीय प्रश्न (SA-II) होंगे। प्रत्येक प्रश्न पर 03 अंक निर्धारित होंगे। शब्द सीमा 50–75 शब्द है।**

प्रश्न 07. भाषा उत्पादन की प्रक्रिया को उदाहरण द्वारा समझाइए। [3]

प्रश्न 08. कहानी कोष क्या हैं? व्यक्तिगत कहानी कोष बनाने हेतु कहानियों का चयन किन–किन स्त्रोतों से किया जा सकता हैं। [3]

प्रश्न 09. मुक्त पठन से आप क्या समझते हैं? [3]

प्रश्न 10. पत्र लेखन सिखाने की रूपरेखा तैयार कीजिए। [3]

**प्रश्न क्र. 11 से 14 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (LA-I) होंगे। प्रत्येक प्रश्न पर 04 अंक निर्धारित होंगे। शब्दसीमा 75–100 शब्द है।**

प्रश्न 11. बहुभाषिता और बौद्धिक स्तर/विकास में विचारात्मकता संबंध मानने के पीछे क्या कूटनीति रही होगी। रमाकांत अग्निहोत्री के अनुसार दोनों में किस प्रकार का रिश्ता है? [4]

प्रश्न 12. **'गलतियां सीखने की सीढ़ी हैं।'** स्पष्ट कीजिए। [4]

प्रश्न 13. **"लिखना एक तरह की बातचीत ही हैं।"** इस कथन से आप सहमत/असमत हैं। तर्क सहित लिखिए। [4]

प्रश्न 14. लेखन कौशल के विकास में उभरता लेखन का उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है। [4]

**प्रश्न क्र. 15 से 18 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (LA-II) होंगे। प्रत्येक प्रश्न पर 05 अंक निर्धारित होंगे। शब्दसीमा 100–150 शब्द है।**

प्रश्न 15. भाषा विद के अनुसार बच्चे बातचीत की बुनियादी क्षमता हासिल करते ही भाषा का प्रयोग किन–किन उद्देश्यों के लिए करते हैं? [5]

प्रश्न 16. **"हमारा देश/समाज बहुभाषी है।"** इस कथन को उदाहरणों के द्वारा स्पष्ट करें। [5]

अथवा

उदाहरणों के द्वारा स्पष्ट करें कि भारत के संदर्भ में भाषा शिक्षण में शिक्षक किस प्रकार अक्सर पाई जाने वाली बहुभाषिता को विद्यार्थियों के साथ इस्तेमाल कर सकता हैं?

प्रश्न 17. पढ़ने की प्रक्रिया को समझाइए? [5]

प्रश्न 18. **"साक्षरता की तैयारी परिवार, समाज व आर्थिक स्थितियों पर भी निर्भर करती है।"** इस कथन के पक्ष अथवा विपक्ष में तर्क सहित लिखिए। [5]

अथवा

**"केवल पढना लिखना सिखा देना ही पहली कक्षा का शिक्षण उद्देश्य नहीं हो सकता है, बल्कि बच्चों की पसंद एवं उनके अनुभव के आधार पर स्कूल की पढ़ाई हो तो बच्चे ज्यादा अच्छी तरह से पढ़ना सीख सकते हैं।"** कथन का विश्लेषण करें।

**प्रश्न क्र. 19 से 20 तक अति दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (VLA) होंगे। प्रत्येक प्रश्न पर 06 अंक निर्धारित होंगे। शब्दसीमा 150–200 शब्द है।**

प्रश्न 19. बच्चे बातचीत की बुनियादी क्षमता हासिल करते ही भाषा का प्रयोग अनेक उद्देश्यों के लिए करना शुरू कर देते हैं। किन्हीं तीन उद्देश्यों के आधार पर समझाइए। [2+2+2=6]

अथवा

प्रत्यक्ष, व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक अवधारणा को समझाइए।

प्रश्न 20. मौखिक भाषा अर्जन के किंन्ही तीन बुनियादी सिद्धांतों को उदाहरण के द्वारा समझाइए। [2+2+2=6]

अथवा

जब छोटे बच्चे घर की भाषा से स्कूल की अकादमिक भाषा की ओर आते हैं तो उन्हें कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। किंन्ही तीन कठिनाइयों को उदाहरण सहित समझाइए।